तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, मंगलवार 12 अगस्त 2025

10 ईशान वन में भगवान की मूर्तियों के साथ अभद्रता ....



11 जगरगुंडा में बैंक खुलने से स्थानीय अर्थव्यवस्था को मिल रही ....





श्री शंकराचार्य
कॉलेज ऑफ नर्सिंग
हुडको, भिलाई (छ.ग.)
(2005 से संचालित)
नर्सिंग
B.Sc(N)
M.Sc.(N) P.B.B.Sc.(N)
7489713804, 7869513804
For Online Admission
Visit : www.sscnbhilai.com

# केशकाल घाटी की जर्जर स्थिति का सुदृढ़ीकरण का कार्य पूर्ण

## केंद्रीय मंत्री गडकरी ने विधायक किरण देव को पत्र भेजकर दी केशकाल बाईपास की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

विधानसभा क्षेत्र जगदलपुर में एन.एच.-30 जगदलपुर-रायपुर में केशकाल घाट पर बाईपास सड़क निर्माण के संबंध में विधायक किरण देव ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से अनुरोध किया था। जिस पर की गई कार्रवाई की केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने जानकारी पत्र लिखकर विधायक को दी है।

केंद्रीय मंत्री श्री गडकरी ने बताया है कि केशकाल बाईपास का निर्माण एन.एच.-43 (नया एन.एच.-30) के कि.मी. 130 से कि.मी. 180 (कांकेर से बेड़मा खण्ड) के दो लेन के उन्नयन एवं चौड़ीकरण कार्य में सम्मिलित था। जिसका कायार्देश ई.पी.सी. ठेकेदार मेसर्स वालेचा इंजीनियरिंग लिमिटेड मुंबई को पिछले 8 अगस्त 2016 को जारी किया गया था। परंतु ठेकेदार फर्म के वित्तीय संकट में होने के कारण केशकाल बाईपास निर्माण को छोड़कर उक्त खण्ड का शेष कार्य उप-ठेकेदार द्वारा पूर्ण कराकर 21 मई को लोक निर्माण विभाग द्वारा अनुबंध समझौते को निरस्त कर दिया गया है। एन.एच.-30 के कि.मी. 162.120 से कि.मी. 173.500 तक केशकाल बाईपास निर्माण हेतु नवीन प्राक्कलन 7 फरवरी 2025 को अनुमोदित कर दी गयी है।



फाइल फोटो

### जल्द कराई जाएगी निविदा

शीघ्र ही निविदा आमंत्रित करके अनुबंधानुसार निर्माण कार्य आरंभ किया जायेगा। इसके साथ ही केशकाल घाटी की जर्जर स्थिति को देखते हुए आपके अनुरोध पर विद्यमान सड़क को सुदृढ़ीकरण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।विधायक किरण देव ने मंत्री का आभार व्यक्त करते कहा कि इस निर्माण से रोज रोज के जाम से निजात मिलेगी।

## खबर संक्षेप



### फिल्मकार सूर्या का किया दूरदर्शन ने सम्मान

**जगदलपुर।** बस्तर की सांस्कृतिक धरोहर, जनजागरूकता और देशभक्ति को परदे पर सजीव करने वाले विख्यात फिल्मकार, प्रोडक्शन मैनेजर एवं बहुमुखी कलाकार सूर्या ताम्रकार का प्रसार भारती दूरदर्शन केंद्र द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें सामाजिक चेतना, कृषि विकास, संस्कृति संरक्षण और महिला सशक्तिकरण जैसे जनहितकारी विषयों पर आधारित कार्यक्रमों के उत्कृष्ट, सृजनात्मक और प्रभावशाली निर्माण हेतु प्रदान किया गया। यह प्रमाणपत्र कार्यक्रम प्रमुख दिलीप उईके द्वारा प्रदान किया गया।

### राजीव भवन में दिखाई गई राहुल के वीडियो की स्क्रीनिंग



**जगदलपुर।** राजीव भवन में बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा राहुल गांधी के देश के सामने उजागर किए वोट चोरी के मामले में बीजेपी और चुनाव आयोग की मिलीभगत में चल रहे खेल को सबके सामने रखा गया। वीडियो प्रेजेंटेशन के स्क्रीनिंग को कांग्रेसियों ने देखा। शहर जिला अध्यक्ष सुशील मौर्य ने कहा मतदाता सूची में सैकड़ों गड़बड़ियां हैं, जिन्हें राहुल गांधी ने उजागर किया है। चुनाव आयोग से भाजपा की मिलीभगत को उन्होंने सामने रखा हैं। इस दौरान पूर्व विधायक रेखचंद जैन,नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी, प्रभारी महामंत्री जाहिद हुसैन, सुषमा सुता, अभिषेक नायडू,रामशंकर राव, गोरनाथ नाग,रविशंकर तिवारी,हनुमान द्विवेदी,मनोज साहनी, पार्षद शुभम यदु, अफरोज बेगम, गौतम पाणिग्रही,ललिता राव, कमलेश पाठक, एस नीला, सायमा अशरफ, ज्योति राव, उस्मान रजा, तरनजीत सिंह, शादाब अहमद,रजत जोशी, खीरेंद्र यादव, समीर कुरैशी मौजूद रहे।

### सोहन को मिला आरआइएन बनाए गए पंजीकृत रैफरी

**जगदलपुर।** सोहन बेसरा को ऑल इंडिया फुटबाल फेडरेशन से रैफरी आइडेंटिफिकेशन नंबर



आरआइएन प्राप्त हो गया, अब वो पंजीकृत रैफरी है । यह जानकारी आल इंडिया रैफरी रूपक मुखर्जी ने प्रेस विज्ञप्ति में दी है।

### जन्माष्टमी को लेकर मोरठपाल में बैठक आज

**जगदलपुर।** विश्व हिन्दू परिषद के प्रखंड नगरनार के अध्यक्ष कैलाश ठाकुर ने बताया कि ग्राम मोरठपाल में कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में मटका फोड़ कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। और कार्यक्रम की तैयारी को लेकर बैठक रखा गया है। कल मंगलवार को हनुमान मंदिर मोरठपाल में बैठक होगी । उन्होंने विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल सहित सभी सनातनी बंधुओं से बैठक में उपस्थित होकर जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से बनाने अपना योगदान देने की गुजारिश की है।

## खुलासा : प्रताड़ना से तंग आकर की थी आत्महत्या, परिजनों ने लगाया था हत्या का आरोप

# विवाहिता की मौत मामले में पति गिरफ्तार, भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

■ पति पहले से था शादीशुदा, परपा पुलिस ने मामला दर्ज कर की कार्रवाई

परपा थाना क्षेत्र के बिरिंगपाल में किराए के मकान में रह रही महिला ने बीती रात पति से हुए विवाद के बाद अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। कुकानार में रहने वाली खुशबू मौर्य 22 वर्ष ने करीब सालभर पहले जॉन कश्यप नामक युवक से शादी की थी। वहीं पड़ताल में पता लगा कि पति जॉन कश्यप पहले से शादीशुदा था। और खुशबू को बिरिंगपाल में एक पुलिस जवान के घर मे उसे किराए के मकान में रखा हुआ था।

मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी महेश्वर नाग के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी केशलूर लक्ष्मण सिग पोटाई के पर्यवेक्षण में परपा थाना प्रभारी मोहम्मद तारिक हरिश के नेतृत्व में टीम गठित किया गया था। एएसपी माहेश्वर नाग ने बताया कि पुलिस सहायता केन्द्र डिमरापाल मे डिमरापाल अस्पताल की ओर से मेमो प्राप्त हुआ था जिसमे ग्राम बिरींगपाल की रहने वाली खुशबु कश्यप पति जोहन कश्यप उम्र 22 वर्ष ने अज्ञात कारणो से फांसी लगा ली थी। खुशबु कश्यप को मृत अवस्था मे डिमरापाल अस्पताल लाया गया है कि मेमो पर से मर्ग कायम कर जांच में लिया गया था। जांच के दौरान के मृतिका खुशबु कश्यप के शव का परिजनों के समक्ष पंचनामा कार्रवाई व पीएम कराया गया। पीएम रिपोर्ट में डॉक्टर द्वारा मृतिका की मृत्यु फांसी लगने से आत्महत्या करना लेख किया गया है। जांच के दौरान गवाहों वारिसान का कथन लिया गया। कथन में पाया गया कि खुशबू कश्यप ने जोहन कश्यप से डेढ वर्ष पहले प्रेम विवाह की थी। जोहन कश्यप पहले से शादीशुदा है और उसके दो बच्चे है। जोहन कश्यप पहले पत्नि के पास आना जाना करता था। इस बात को लेकर खुशबू के साथ आये दिन लड़ाई झगड़ा होता था।खुशबू कश्यप अपने पति जोहन कश्यप से लगातार प्रताडित होकर दिनांक 9 अगस्त की रात अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मामले की जांच पर मृतिका के पति जोहन कश्यप के खिलाफ धारा 108 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर आरोपी जोहन कश्यप पिता जगबन्धु कश्यप 30 वर्ष निवासी सोशनपाल को सोमवार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया।



### कार्रवाई में इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका

मामले में त्वरित कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार करने में निरीक्षक मो तारिक हरिश के अलावा एएसआई अजीत सिंग, मीना यादव, अविनाश झा, आरक्षक नीरज सिंग, सुरेन्द्र बरिहा, अश्वन केरकेटटा, महेन्द्र कोमरे, सुशील नाग, महिला अंजु तारम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# अंजुमन चुनाव को लेकर मुस्लिम समाज का प्रतिनिधिमंडल पुनः मिला कलेक्टर से

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



मुस्लिम जमात का एक प्रतिनिधि मंडल सोमवार को दूसरी मर्तबा कलेक्टर से मिलकर अंजुमन इस्लामिया कमेटी का चुनाव कराने की मांग की। कलेक्टर हरीश एस को पुनः ज्ञापन सौंपते हुए समाज के वरिष्ठ सलीम रजा,फिरोज खान,जावेद खान,अनवर खान एवं इलियास बरबटिया ने कहा कमेटी का अपना स्वयं का बायलॉज है जिसके अंतर्गत फर्म कार्य करती आई है,जिसमें लोकतांत्रिक व्यवस्था के अंतर्गत चुनाव होता है।

■ वक्फ बोर्ड के आदेश को शून्य करने और चुनाव कराने की मांग की गई

8 माह पूर्व अंजुमन इस्लामिया कमेटी के निर्वाचन हेतु एक चुनाव समिति का गठन किया गया एवं उक्त कमेटी को निर्देशित किया गया कि तीन माह में चुनाव संपन्न कराकर चुनी हुई कमेटी को पदभार ग्रहण कर चुनाव समिति भंग किया जाए। उक्त एड्हाक कमेटी के द्वारा चुनाव ना करा कर पूर्व की निर्वाचित कमेटी के खिलाफ हिसाब-किताब के नाम पर जांच को लेकर आज तक चुनाव को टाल रही है । जो कि मुस्लिम जमात के लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है।

### प्रशासन का मिला आश्वासन

प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर से कहा आपके द्वारा चुनाव का मार्ग जल्द प्रशस्त करने आश्वासन दिया गया था। इस संबंध में आज तक जिला प्रशासन के द्वारा किसी भी प्रकार की जानकारी या चुनाव संबंधी पत्र जारी नहीं किया गया है । मुस्लिम समाज के सबसे बड़े त्यौहार ईद उल मीलादुन्नबी से पहले वक्फ बोर्ड के आदेश को शून्य करते हुए चुनाव संपन्न कराने की कृपा करें। इस दौरान बड़ी संख्या में समाज के प्रमुख लोग कलेक्टोरेट पहुंचे थे।

### विधायक से की मुलाकात

मुस्लिम समाज का एक प्रतिनिधिमंडल विधायक किरण देव से मिला और चुनाव से संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा की। विधायक ने समाज की बातों को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि शीघ्र ही कलेक्टर से इस संबंध में वार्ता करेंगे। उन्होंने कहा कि आवश्यक प्रशासनिक कार्रवाई पूरी कर जल्द से जल्द समाज का चुनाव कराने का प्रयास किया जाएगा।

# युवक को डरा धमकाकर 50 हजार रुपए की मांग करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

■ आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त पिस्टलनुमा हथियार तथा कार जब्त

पिस्टलनुमा हथियार दिखाकर डरा धमकाकर 50 हजार रुपए की मांग करने वाले दो आरोपी को बोधघाट पुलिस ने गिरफ्तार किया है। प्रार्थी कि रिपोर्ट पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया। मामले में एसपी शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश, एएसपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन व सीएसपी सुमित कुमार डी धोतरे के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बोधघाट लीलाधर राठौर के



नेतृत्व में टीम गठित किया गया था।

टीम द्वारा आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त पिस्टल नुमा हथियार तथा कार जब्त कर आरोपी धर्मेंद्र सिन्हा उर्फ पिंटू 29 वर्ष निवासी तेतरखूंटी व भूपेंद्र पटेल 29 वर्ष निवासी दलपत सागर वार्ड जगदलपुर को गिरफ्तार किया गया। एएसपी ने बताया कि थाना बोधघाट में प्रार्थी नवीन झा ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह अपने काम से गीदम नाका रेलवे फाटक के पास गया था जहां पर दो व्यक्ति धर्मेंद्र उर्फ पिंटू सिन्हा तथा भूपेंद्र पटेल अपने कार क्रमांक सीजी 17 केजेड 5850 में आये और प्रार्थी को डरा धमका कर पिस्टलनुमा हथियार दिखाकर 50 हजार रूपए की मांग करने लगे। प्रार्थी द्वारा पैसा नहीं है कहने पर उसको जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट किया गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया। दोनों ने अपराध करना स्वीकार किया। जिसके बाद विधिवत उन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया। कार्रवाई में निरीक्षक लीलाधर राठौर के अलावा एसआई लोकेश्वर नाग, ललित ⏭ शेष पेज 10 पर

# बैडमिंटन प्रतियोगिता में आज से रैंकिंग खिलाड़ी दिखाएंगे जौहर



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

■ क्वालीफायर राउंड से निकले 91 खिलाड़ी अब खेलेंगे मेन ड्रॉ

छत्तीसगढ़ राज्य बैडमिंटन संघ के तत्वावधान में बस्तर जिला बैडमिंटन संघ द्वारा 10 अगस्त से प्रियदर्शिनी इंदिरा स्टेडियम स्थित इनडोर बैडमिंटन हॉल में राज्य स्तरीय सीनियर रैंकिंग बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। पांच दिवसीय प्रतियोगिता में रविवार और सोमवार को सभी पांच वर्गों के क्वालीफायर राउंड के मुकाबले खेले गए। पहले दिन हुए 67 और दूसरे दिन खेले गए 31 मुकाबलों में श्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर 91 खिलाड़ियों को मेन ड्रॉ में खेलने का अवसर मिलेगा। अब यह खिलाड़ी मेन ड्रॉ में रैंकिंग खिलाड़ियों से भिड़ेंगे। जिला बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष संजय विश्वकर्मा एवं सचिव राजेश त्रिपाठी ने बताया कि 12 अगस्त को 65 ⏭ शेष पेज 10 पर

# 100 सीटर बालक छात्रावास में महिला अधीक्षिका की नियुक्ति से आक्रोश

**जगदलपुर।** युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष हेमंत कश्यप ने सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग द्वारा 100 सीटर पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास बकावंड में एक महिला कर्मचारी शोभावती कश्यप को अधीक्षिका के रूप में कार्यप्रभार सौंप दिया गया है। पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास में एक महिला कर्मचारी को अधीक्षक का कार्यप्रभार सौंपा जाना अनुचित है। छात्रावास में बड़े बच्चों का समूह रहता है। महिला कर्मचारी का अधीक्षक के रूप में पदस्थापित रहने से वह इन बड़े बच्चों के कक्षों का निरीक्षण कैसे कर पाएंगी। छात्रावास में बच्चों के रहन सहन को कैसे देख पाएंगी, पूर्व में इस प्रकार से किसी महिला कर्मचारी को पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास में पदस्थापना नहीं की गई है।



### यह नीति निर्देशों के विपरीत

उन्होंने कहा, व्यवस्था को तत्काल निरस्त करते हुए किसी अनुभवी पुरुष कर्मचारी की पदस्थापना की जाए। हेमंत कश्यप के नेतृत्व में युकां ने कलेक्टर हरिश एस एवं सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग को शिकायत पत्र सौंपा है। इस दौरान जहां युवा कांग्रेस महासचिव तरण जीत सिंह, उस्मान रजा, प्रदेश सचिव ज्योति राव ,जिला सचिव विजय भारती उपस्थित थे।

# बास्तानार में हर घर तिरंगा-हर घर स्वच्छता अभियान में श्रमदान



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

जनपद पंचायत बास्तानार में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता का उत्साह देखने को मिला। स्वच्छता के संग अभियान के तहत आज ग्राम पंचायतों कंडोली और तुरांगुर में विशेष स्वच्छता श्रमदान का आयोजन करने के साथ ही घरों में तिरंगे लगाकर राष्ट्र के प्रति अपने प्रेम को भी व्यक्त किया गया। इस अभियान के अंतर्गत, कंडोली और तुरांगुर ग्राम पंचायतों के भवन परिसर, हैंडपंपों के आसपास और सामुदायिक शौचालयों के आस-पास सामूहिक रूप से साफ-सफाई की गई। ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक श्रमदान में हिस्सा लिया और अपने गांवों को स्वच्छ बनाने के लिए संकल्प लिया।

यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हर घर तिरंगा और स्वच्छ भारत अभियान के विजन को आगे बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसका उद्देश्य स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में देशभक्ति की भावना को जगाने के साथ-साथ स्वच्छता के प्रति जागरुकता बढ़ाना भी है।

## एसएलआरएम सेंटर में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

# 'तिरंगा' स्वाभिमान, एकता और बलिदान का प्रतीक : पाण्डे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में महापौर संजय पांडे ने कहा कि तिरंगा ध्वज हमारे स्वाभिमान, एकता और बलिदान का प्रतीक है। उन्होंने ध्वज के तीनों रंगों के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा केसरिया रंग साहस, त्याग और बलिदान का सफेद रंग शांति, सत्य और पवित्रता का और हरा रंग समृद्धि, विकास और जीवन का प्रतीक है। उन्होंने कहा हर घर का उत्सव, जन-जन का उत्सव तभी सार्थक होगा जब हमारी आने वाली पीढ़ी यह जाने कि कितने बलिदानों के बाद हमें स्वतंत्रता मिली है।

जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश पांडे ने कहा, ऐसी प्रतियोगिताएं न केवल रचनात्मकता और कला को बढ़ावा देती हैं, बल्कि समाज में स्वच्छता और देशभक्ति के प्रति जागरूकता फैलाने में भी अहम भूमिका निभाती हैं। नगर निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन ने कहा इस तरह के रचनात्मक कार्यक्रमों से स्वच्छता अभियान को और अधिक जनसहभागिता मिलेगी ।स्वच्छता विभाग के सभापति लक्ष्मण झा ने कहा इसी उत्साह और लगन के साथ स्वच्छता अभियान में सभी भाग ले। कार्यक्रम में निर्मल पाणिग्रही, पार्षद संतोष गौर, खगेंद्र ठाकुर, दिलीप दास, गायत्री बघेल, पूनम सिन्हा, माया नायक, स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर रामनरेश पांडे, रतन व्यास, अजय पाल सिंह जसवाल, डीके पराशर, धीरज कश्यप, संतोष नाग, मनीष मूलचंदानी, सुलता महाराणा, रोहित त्रिवेदी, अविनाश श्रीवास्तव, प्रकाश झा, शशि नाथ पाठक, अतुल सिम्हा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। संचालन धीरज कश्यप ने किया।



### स्वच्छता दीदीयों ने बनाई रंगोली

सोमवार को बोधघाट एसएलआरएम सेंटर में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इस अवसर पर शहर के सभी एसएलआरएम सेंटर की स्वच्छता दीदीयों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपने-अपने समूहों के साथ तिरंगे और स्वच्छता विषय पर आकर्षक व मनमोहक रंगोलियां बनाईं।

## खबर संक्षेप

### शिल्पी करेगा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी का सम्मान 15 को

**जगदलपुर।** शिल्पी सांस्कृतिक संस्था 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नेताजी सुभाष की मूर्ति प्रांगण शहीद पार्क चौक में कार्यक्रम आयोजित करेगा।

जिसमें मुख्य अतिथि सर्व हिंदू समाज के अध्यक्ष धर्मचंद शर्मा एवं मुख्य वक्ता चेम्बर आफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष संतोष जैन द्वारा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. पी.सी. आचार्य का सम्मान किया जाएगा। यह सम्मान उनकी धर्मपत्नी अमला आचार्य ग्रहण करेंगी। इस अवसर पर देश भक्ति गीत की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम प्रातः 9.30 बजे से आरंभ होगा। यह जानकारी शिल्पी के अध्यक्ष सुबीर नन्दी ने दी है।

### गौवंश की तस्करी करते तीन गिरफ्तार

**धमतरी।** गौवंश की तस्करी करने वाले तीन तस्करों को बिरेझर पुलिस ने रंगेहाथ गिरफ्तार किया। उनके पास से सवा लाख की कीमत के 6 बछड़े और तीन लाख की कीमत की पिकअप जब्त की गई है। आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। बिरेझर पुलिस को सूचना मिली कि कुछ लोग गौवंशीय मवेशियों की तस्करी कर रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने ग्राम मुरा एवं गणेशपुर रोड के मध्य दबिश देकर गौवंश की तस्करी कर रहे तीन आरोपियों को रंगेहाथ पकड़ा। आरोपी अपने पिकअप वाहन क्रमांक सीजी-04 पीसी-6429 में 6 बछड़ों को बिना चारा-पानी के बर्बरतापूर्वक भरकर अवैध रूप से परिवहन कर रहे थे। वाहन की कीमत 3,00,000 रुपये आंकी गई है। आरोपियों से कुल 4,25,000 रूपये का माल जप्त किया गया। आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ कृषिक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6, 10 तथा पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11(डी) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत गिरफ्तारी की गई। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गौवंश की तस्करी करने वालों के विरुद्ध धमतरी पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। गिरफ्तार आरोपियों में जीवन साहू उम्र 30 वर्ष पिता नंदलाल साहू साकिन मुरा चौकी बिरेझर थाना कुरूद जिला धमतरी, द्रोण साहू उम्र 19 वर्ष पिता नरेन्द्र साहू मयंक खुटेल उम्र 19 वर्ष पिता मोहन खुटेल हैं।

## पेज 9 के शेष

### युवक को डरा ....

नेगी, प्रमोद ठाकुर, एएसआई दिनेश उसेण्डी, प्रधान आरक्षक अहिलेश नाग, मयाराम कश्यप, बलराम कश्यप, आरक्षक होरीलाल आर्मो, संतोष झा, युवराज ठाकुर, कामदेव दर्रो, मुकेश कोडोपी, संदीप राणा, थानेंद्र सिन्हा, मानकू कोर्राम व परमानन्द भोयर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### बैडमिंटन प्रतियोगिता ....

मैच खेले जाने हैं। 14 अगस्त तक खेले जाने वाले सभी मुकाबले बेहद रोचक होंगे। राज्य बैडमिंटन संघ द्वारा नियुक्त चीफ रैफरी प्रताप भट्टाचार्य ने बताया कि मेन ड्रा के लिए 91 खिलाड़ी चुने गए हैं। पुरुष एकल वर्ग में 42 और पुरुष युगल में 44 खिलाड़ी यानि 22 जोड़ मेन ड्रॉ में खेलेंगे। महिला एकल में 32 और महिला युगल में 46 यानि 23 जोड़े आमने सामने होंगे। इसी तरह मिश्रित युगल वर्ग में 19 पुरुष और 19 महिलाएं मेन ड्रॉ के मुकाबले खेलेंगे। मेन ड्रा में आज 65 मैच शेड्यूल किए गए हैं।

यह हैं प्रतियोगिता में खेल रहे रैंकिंग प्लेयर्स : मेन ड्रॉ में अब नेशनल रैंकिंग और स्टेट रैंकिंग में शामिल एमवी अभिषेक, धीरज खत्री, स्वेता परदेशी, सुजय तंबोली, इशिका पोद्दार, सौरव साहू, हीरल चौहान, जयदीत्य प्रताप सिंह, राशी मल्ल, मनीष गुप्ता, आरती साहित्य, आयुष माखीजा, रेणुश्री युवराणा, श्रेयांश जायसवाल, आदित्य नायर, स्वप्निल सागर, जयेश होशंगाबादे, हर्षल भोयर, वैभव सिंह, मानस भट्टाचार्य, हर्षित ठाकुर आदि खिलाड़ी अपनी प्रतिभा दिखा कर राष्ट्रीय खेलों हेतु अपनी जगह सुनिश्चित करेंगे। बस्तर जिले का प्रतिनिधित्व करते सलमान रजा- आर्यन सिंह, अभिजीत गोड्डे- युवराज देव सहित मिश्रित युगल वर्ग में शेखावत प्रधान- पायल पूनेम की जोड़ी ने मेन ड्रॉ के लिए क्वालीफाई कर लिया है।

# कोंडागांव के 51 दर्शनार्थियों ने किया अयोध्या में रामलला के दर्शन

## सरकार की योजना के तहत निःशुल्क तीर्थ भ्रमण कराया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

समाज कल्याण विभाग द्वारा रामलला दर्शन अयोध्या धाम योजना के अंतर्गत 18 वर्ष से अधिक आयु के निवासियों को काशी विश्वनाथ एवं अयोध्या धाम का दर्शन कराया जा रहा है। 5 अगस्त को जिला पंचायत संसाधन केंद्र से विधायक लता उसेंडी ने 51 दर्शनार्थियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। योजना के तहत 25 प्रतिशत शहरी और 75 प्रतिशत ग्रामीण लाभार्थियों को शामिल किया जाता है।

जानकारी के अनुसार 6 अगस्त को राजनांदगांव रेलवे स्टेशन से बस्तर एवं दुर्ग संभाग के दर्शनार्थियों को विशेष यात्रा ट्रेन में बिठाकर पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। 51 में से 15 यात्रियों ने पहली बार रेल यात्रा का आनंद लिया। 7 अगस्त की सुबह 8 बजे बनारस पहुँचकर सभी यात्रियों को सारनाथ के होटलों में ठहराया गया। उसी दिन काशी विश्वनाथ मंदिर एवं मणिकर्णिका घाट का दर्शन कराया गया। 8 अगस्त को अयोध्या पहुँचकर रामलला मंदिर, हनुमानगढ़ी, दशरथ महल, लता मंगेशकर चौक तथा सरयू नदी के नए घाट पर महाआरती का दर्शन कराया गया।



### सरकार का माना आभार

यात्रा पूर्णतः निःशुल्क रही, जिसमें भोजन, ठहरने एवं यात्रा की सभी सुविधाएं सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गईं। सभी यात्री अत्यंत प्रसन्न हुए और छत्तीसगढ़ सरकार का आभार व्यक्त किया। छत्तीसगढ़ सरकार ने भरोसा दिलाया है कि जिन लोगों का दर्शन करने का मन है लेकिन आर्थिक कारणों से संभव नहीं हो पा रहा, उनके दर्शन की पूरी जिम्मेदारी सरकार उठाएगी।

## आक्रोश : आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने विहिप बजरंग दल ने थाने में सौंपा ज्ञापन

# ईशान वन में भगवान की मूर्तियों के साथ अभद्रता कर तोड़फोड़, नाबालिग सहित पांच पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

कांकेर जिले के ईशान वन में भगवान राम और भगवान हनुमान की मूर्तियों के साथ अभद्रता का मामला सामने आया। इस पूरे कृत्य का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसके बाद क्षेत्र में आक्रोश फैल गया और पुलिस हरकत में आ गई। जानकारी के मुताबिक, वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि कुछ युवक मूर्तियों के साथ न केवल अभद्रता कर रहे हैं, बल्कि बेहद अपमानजनक हरकत भी कर रहे हैं।

वीडियो वायरल होने के बाद कांकेर पुलिस ने फरसगांव थाना स्टॉफ की सहायता से सोमवार की सुबह करीब 11 बजे नाबालिग समेत 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया। यह घटना स्थानीय लोगों में आक्रोश का कारण बनी। भगवान के मूर्तियों के हुई अभद्रता को लेकर जिले के विहिप बजरंग दल ने सोमवार को दोपहर करीब 1 बजे फरसगांव थाना पहुंचकर सभी गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए केशकाल के एसडीपीओ अरुण नेताम को ज्ञापन सौंपा गया है।



### हिन्दू संगठनों और स्थानीय लोगों में आक्रोश



घटना के बाद से हिन्दू संगठनों, ईशान वन और आसपास के इलाकों में लोगों में गुस्सा है। कई लोगों ने सोशल मीडिया पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की है। लोगों का कहना है कि धार्मिक स्थलों और मूर्तियों के साथ इस तरह की हरकतें समाज में नफरत फैलाने का काम करती हैं, जिन्हें बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। एक स्थानीय निवासी ने कहा, मूर्तियां हमारी आस्था और विश्वास का प्रतीक हैं। इनके साथ इस तरह की अभद्रता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### वीडियो बना सबूत

इस मामले में वायरल वीडियो पुलिस के लिए अहम सबूत साबित हुआ। वीडियो में आरोपी मूर्तियों को धक्का देते और अभद्रता करते हुए साफ देखे जा सकते हैं। पुलिस ने इस वीडियो को फॉरेंसिक जांच के लिए भी भेजा है ताकि किसी भी तरह की छेड़छाड़ की संभावना को खत्म किया जा सके।

### धार्मिक स्थलों पर सुरक्षा को लेकर उठे सवाल

इस घटना ने एक बार फिर से धार्मिक स्थलों पर सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। ईशान वन, जहां यह घटना हुई, पर्यटकों और स्थानीय लोगों के बीच एक लोकप्रिय स्थान माना जाता है। यहां अक्सर लोग पूजा-पाठ के लिए आते हैं, लेकिन इस तरह की घटना यह दर्शाती है कि धार्मिक स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने की जरूरत है। कांकेर पुलिस ने मीडिया से बातचीत में कहा कि, धार्मिक आस्था के साथ खिलवाड़ करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। गिरफ्तार किए गए आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी और इस तरह की घटनाओं को दोबारा होने से रोकने के लिए जरूरी कदम उठाए जाएंगे।

### जांच जारी

फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। यह भी जांच की जा रही है कि क्या इस घटना के पीछे कोई बड़ी साजिश है या फिर यह केवल शरारत थी। साथ ही, नाबालिग आरोपी के मामले में किशोर न्याय अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी।

# पिता ने लगाई फांसी, गम में पुत्र ने किया कीटनाशक का सेवन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सोनाबेडा में 50 वर्षीय नरसिंग नेताम ने रविवार की सुबह अपने खेत में स्थित पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पिता की मौत के गम में उसके 19 वर्षीय पुत्र बीनूलाल नेताम ने कीटनाशक का सेवन कर लिए।

जानकारी अनुसार मृतक नरसिंह नेताम रविवार की सुबह करीब 4 बजे घर से निकाला काफी देर तक वह घर नहीं आया तो परिजनों ने खेत की ओर जाकर देखा तो नरसिंह खेत में स्थित महुआ के पेड़ पर फांसी के फंदे पर लटका हुआ था। जिसके बाद मृतक का पुत्र बीनूलाल परिजनों के साथ फरसगांव थाने आकर अपने पिता के फांसी लगाने की जानकारी दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर घटना स्थल पर पहुंचकर जांच पंचनामा के बाद मृतक के शव फंदे से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए फरसगांव के चीरघर लेकर आए। दोपहर में मृतक के शव का पोस्टमार्टम हो रहा था तभी अचानक मृतक के पुत्र बीनू लाल की तबियत बिगड़ी, उसने उल्टी किया। परिजनों के पूछने पर पुत्र ने कीटनाशक सेवन करने की बात कही। फिर आनन फानन में उसे उपचार हेतु फरसगांव अस्पताल में भर्ती किया गया है। फिलहाल फरसगांव थाना पुलिस जांच कर रही है।

# पूर्व माध्यमिक शाला सोनाबाल में रक्षाबंधन हर्षोल्लास से मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

पूर्व माध्यमिक शाला सोनाबाल, संकुल केंद्र सोनाबाल, विकासखंड कोंडागांव में 11 अगस्त को रक्षाबंधन समारोह का आयोजन प्रधान अध्यापक सुदामा कौशिक के मार्गदर्शन में हुआ। वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती गीता देवी कोर्राम ने विद्यार्थियों को रक्षाबंधन का महत्व बताते हुए कहा कि यह भाई–बहन के अटूट प्रेम, स्नेह और विश्वास का प्रतीक है। बालिकाओं ने बालकों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर आशीर्वाद लिया। प्रधान अध्यापक सुदामा कौशिक ने रक्षाबंधन के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व भाई–बहन के रिश्ते को मजबूत बनाने के साथ प्रेम, सुरक्षा और विश्वास का संदेश देता है। इस आयोजन में शिक्षिका श्रीमती अनिता कोर्राम, शिक्षक भुवेंद्र सिंह मांझी और कन्हैयालाल कोर्राम का विशेष सहयोग रहा। खीर और पकौड़ों से किया स्वागत शासकीय प्राथमिक शाला खुटपारा सोनाबाल में प्रधान अध्यापक ने अपनी सुपुत्री खुशबु श्रीवास के 19वें जन्मदिन 09 अगस्त पर न्यौता भोज का आयोजन किया। विद्यार्थियों को खीर और पकौड़े परोसे गए। इस अवसर पर शासकीय माध्यमिक शाला खुटपारा सोनाबाल के प्रधान अध्यापक अपने साथी शिक्षकों के साथ उपस्थित हुए और विद्यार्थियों को नियमित विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया।

- भाई–बहन के प्रेम का प्रतीक पर्व





### शहर में 14 अगस्त को होगी स्वतंत्रता दौड़

**जगदलपुर।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन और खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा 14 अगस्त को स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन किया गया है। जिसमें शहर के विभिन्न वर्गों की भागीदारी देखने को मिलेगी। इस दौड़ में स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, अधिकारी-कर्मचारी, स्कूल-कॉलेज के युवाओं सहित पुलिस ट्रेनिंग सेंटर, होमगार्ड के जवान तथा खेल संघों के पदाधिकारी एवं खिलाड़ी शामिल होंगे। यह आयोजन देशभक्ति और एकता का संदेश देने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। स्वतंत्रता दौड़ का शुभारंभ 14 अगस्त को प्रातः साढ़े 7 बजे मां दंतेश्वरी मंदिर परिसर से होगा। यह दौड़ संजय मार्केट, हनुमान मंदिर, हाता ग्राउंड होते हुए चांदनी चैक से महावीर ज्वेलर्स चैक की ओर मुख्य सड़क से गुजरेगी और अंत में गोल बाजार चैक से होते हुए पुनः मां दन्तेश्वरी मंदिर प्रांगण में समाप्त होगी। कलेक्टर हरिस एस ने इस स्वतंत्रता दौड़ में बढ़-चढ़कर शामिल होने का आग्रह गणमान्य नागरिकों और युवाओं से करते हुए कहा है कि यह दौड़ राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस को और भी उत्साह और उमंग के साथ मनाए जाने प्रेरक साबित होगी।

# पीएम सूर्य घर योजना, 153 लोगों ने कराया पंजीयन

## जनजागरुकता शिविर में पहुंचीं कलेक्टर




हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रति लोगों को जागरूक करने और पंजीयन कराने के लिए आज विकास नगर के सामुदायिक भवन में एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना और नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

कलेक्टर श्रीमती पन्ना ने उपभोक्ताओं को योजना के लाभ, पात्रता और इसके भविष्य में होने वाले सकारात्मक प्रभावों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने जिले के लोगों से अपील की कि वे इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाकर ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनें। इस शिविर में उपभोक्ताओं और पीएम सूर्य घर के पांच वेंडरों छत्तीसगढ़ इनोवेशन, संतेज सोलर, सुधतीक एनर्जी, आदित्य पावर और जीडीए सोलर पावर ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान मौके पर ही 153 लोगों ने योजना के लिए पंजीयन कराया। इस अवसर पर विद्युत विभाग के अधिकारी–कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## मर्दापाल में हर घर तिरंगा यात्रा में शामिल हुए वन मंत्री

# 96 लाख रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप मर्दापाल में आयोजित हर घर तिरंगा अभियान के तहत भव्य तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। इस यात्रा में 200 मोटरसाइकिलों के काफिले में स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन देशभक्ति के नारों के साथ उत्साहपूर्वक शामिल हुए। तिरंगा यात्रा के बाद आयोजित लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम में श्री कश्यप ने 96 लाख रुपये की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों की सौगात दी। इनमें लखपुरी 5.47 लाख से वनरक्षक आवास भवन निर्माण, मर्दापाल 15.32 लाख से परिक्षेत्र अधिकारी भवन निर्माण, गोलावण्ड 8.05 लाख से वनपात आवास भवन निर्माण, हंगवा नाला 15.30 लाख से स्टाप डेम निर्माण, मुलनार 13.98 लाख से 2 पुलिया निर्माण, कोरमेल 23.51 लाख से बाजार शेड, सीसी रोड एवं गार्बेज डिस्पोजल कार्य, हसलनार 6.99 लाख रुपए से पुलिया निर्माण कराया जाएगा।

- ग्रामीणों से हर घर तिरंगा अभियान में सहभागिता की अपील
- देशभक्ति के नारों के साथ निकली भव्य तिरंगा यात्र



### भविष्य के लिए नई घोषणाएं

कार्यक्रम में मंत्री कश्यप ने कई नई घोषणाएं भी कीं ग्राम हतकली में हाई स्कूल की स्वीकृति, ग्राम मलनार, मंगवाल, चांगरे में हैंडपंप स्थापना, ग्राम खोड़सानार में मोबाइल टावर, ग्राम खण्डाम, चेरंग, मांझीपारा पुसपाल एवं टेकापाल में देवगुड़ी निर्माण, ग्राम चमई में माध्यमिक शाला, एकला विद्यालय कांगा और कन्या हायर सेकेंडरी विद्यालय में वाद्य यंत्र की स्वीकृति।

### देशभक्ति और शिक्षा पर जोर

ग्रामीणों से हर घर तिरंगा अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील करते हुए श्री कश्यप ने कहा कि देश की आजादी के लिए हमारे महापुरुषों ने प्राणों तक का बलिदान दिया। उन्होंने विद्यालयों में बच्चों को देशभक्ति के पाठ, राष्ट्रीय महत्व के विषय और प्रमुख तिथियों की जानकारी देने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वर्ष 2047 तक विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने में सभी की सहभागिता आवश्यक है।

### ग्रामीणजन उपस्थित रहे

इस अवसर पर पूर्व विधायक सेवकराम नेताम, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती यशोदा कश्यप, जनपद अध्यक्ष श्रीमती अनीता कोर्राम, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष टोमेन्द्र ठाकुर, जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, एसडीएम अजय उरांव, तहसीलदार सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# पोदला उरस्कना कार्यक्रम में एक पेड़ शहीदों के नाम से किया पौधारोपण




हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

बस्तर संभाग में पोदला उरस्कना वृक्षारोपण कार्यक्रम 2025 का आयोजन किया जा रहा है, जिसकी थीम एक पेड़ शहीदों के नाम है। बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक पी. सुंदरराज के निर्देश पर जिले में भी पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार ने पुलिस लाइन में पौधसारोपण करके इस कार्यक्रम की शुरुआत की।

कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेंद्र देव पटेल, पुलिस विभाग के सभी राजपत्रित अधिकारी और अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर शहीदों की याद में पौधे लगाए। पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में पोदला उरस्कना के तहत जिले के सभी पुलिस कार्यालयों, थानों, चौकियों और कैंपों में पौधारोपण किया गया। इस दौरान इन सभी जगहों पर लगभग 1000 पौधे लगाए गए, जो शहीदों को श्रद्धांजलि देने के साथ–साथ पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश देते हैं।

**खबर संक्षेप**

### सांसद करेंगे ध्वजारोहण लेंगे परेड की सलामी

**बीजापुर।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मुख्य समारोह मिनी स्टेडियम में आयोजित होगा। 15 अगस्त को सुबह 9 बजे मुख्य अतिथि बस्तर सांसद महेश कश्यप ध्वजारोहण करेंगे और परेड की सलामी लेंगे। इस अवसर पर वे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का जनता के नाम संदेश भी वाचन करेंगे। जिला प्रशासन द्वारा स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियां जोरों पर हैं, ताकि यह ऐतिहासिक दिन पूरे गौरव और सम्मान के साथ मनाया जा सके।

### बीज वितरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**गीदम।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत खरीफ एवं रबी के अंतर्गत प्राप्त दावों का भुगतान डीबीटी के माध्यम से शिवराज सिंह चौहान केंद्रीय कृषि मंत्री भारत सरकार द्वारा किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का प्रत्यक्ष प्रसारण कृषि विज्ञान केंद्र दंतेवाड़ा में भी किया गया, जिसमें जिले के कृषक भाई-बहनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान किसानों को उड़द, मूंग एवं रामतिल का बीज भी वितरित किया गया, जिससे उन्हें आगामी खरीफ सीजन में उच्च गुणवत्ता वाली फसल उत्पादन में सहायता मिलेगी। कृषि विज्ञान केंद्र, दंतेवाड़ा के वैज्ञानिक डॉ. प्रवीण निशाद ने किसानों को फसल बीमा योजना के लाभ, बीज उपचार एवं उन्नत कृषि तकनीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी और अधिक से अधिक किसानों को योजना से जुड़ने का आह्वान किया।

### महिलाओं ने जवानों के कलाइयों पर बांधा रक्षा सूत्र



**जगदलपुर।** मेरा देश मेरा अभिमान के अंतर्गत रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर 22वीं वाहिनीं केरिपुबल, मिंगाचल बीजापुर कैम्प परिसर में मिंगाचल ग्राम की महिलाओं द्वारा नक्सलवाद से निकलकर भाईचारे का परिचय देते हुए जवानों के कलाईयों पर रक्षा सूत्र बांधकर उनके प्रति गहरी श्रद्धा, स्नेह और कृतज्ञता व्यक्त की। सभी बहनों ने जवानों के अदम्य साहस, राष्ट्रभक्ति और अटूट समर्पण की सराहना करते हुए उनके सुरक्षित, सुखी और सफल जीवन की मंगलकामनाएं दी। केरिपुबल के वीर जवानों ने भी ग्रामीण बहनों को आश्वासन देते हुए कहा कि वह अपने कर्तव्यों को पूर्ण निष्ठा और सतत तत्परता के साथ निभायेगें। यह आयोजन भाईचारे, सौहार्द और सामाजिक सरोकार का एक प्रेरणादायी उदाहरण है।

# सीआरपीएफ ने निकाली हर घर तिरंगा रैली, स्वस्थ व शांतिपूर्ण जीवनशैली को लेकर चेहरों पर दिखी खुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा

हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत बाईक रैली के उपलक्ष्य पर पार्थ सारथी घोष कमाण्डेन्ट 219 बटालियन सीआरपीएफ के मार्गदर्शन तथा निर्देशन में ग्राम-इंजरम में देश की एकता, अखंडता एवं सम्प्रभुता को प्रगाढ़ करने के लिए हर घर तिरंगा बाईक रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अनुराग राज द्वितीय कमान अधिकारी अभय कुमार श्रीवास्तव डिप्टी कमाण्डेन्ट डॉ. मोहम्मद इब्राहिम चिकित्सा अधिकारी 219 बटालियन के अधिनस्थ अधिकारी जवान तथा इंजरम के प्राथमिक शाला माध्यमिक शाला तथा बालक आश्रम के विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।

कार्यक्रम के दौरान कमाण्डेन्ट द्वारा प्रत्येक ग्रामीणों व बच्चों को हर घर तिरंगा अभियान की अहमियत के बारे में अवगत कराते हुये उन्हें अपने घरों पर तिरंगा फहराने के लिए प्रोत्साहित किया। झंडे के साथ समग्र देशवासियों का रिश्ता हमेशा व्यक्तिगत से ज्यादा औपचारिक और संस्थागत रहा है।



भारतीय तिरंगे के प्रति गौरव की भावना को बढ़ावा देना आमजन और विद्यार्थियों में देशभक्ति की भावनाओं को विकसित करना, साथ ही देश के प्रत्येक नागरिक के हृदय पर नक्सलवाद जैसे दुर्गम विपत्ति को जड़ से खत्म करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी ग्रामीणों एवं बच्चों को 219 बटालियन द्वारा जलपान भी कराया गया। आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित ग्रामीणों व बच्चों के चेहरे पर उभरती हुई खुशी की भावनाएं देखकर यह प्रतीत होता है कि इस इलाके का प्रत्येक नागरिक नक्सल विचारधारा से दूर हटकर देश के जवानों के साथ मिलकर एक स्वस्थ व शांतिपूर्ण जीवनशैली निर्वहन करने के लिये अग्रसर हो रहे है।

## 16 गांवों के 14 हजार से अधिक ग्रामीणों को मिल रहा लाभ

# जगरगुंडा में बैंक खुलने से स्थानीय अर्थव्यवस्था को मिल रही नई पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

लंबे समय तक विकास की मुख्यधारा से दूर रहे नक्सल प्रभावित क्षेत्र जगरगुंडा में 25 वर्षों के बाद बैंक शाखा खुलने से ग्रामीणों के जीवन में ऐतिहासिक बदलाव की शुरुआत हो गई है। 18 मई को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा उद्घाटन किए गए इंडियन ओवरसीज बैंक ने महज कुछ ही महीनों में 500 से अधिक

**■ नक्सल प्रभावित क्षेत्र में बैंकिंग सुविधा मिल रही**

खाताधारक बना लिए हैं। अब शासन की योजनाओं का लाभ सीधा डीबीटी के माध्यम से लोगों के खाते में पहुंच रहा है, जिससे समय, मेहनत और पैसे तीनों की बचत हो रही है। पहले बैंकिंग कार्यों के लिए ग्रामीणों को सुकमा, कोंटा या दोरनापाल जैसे दूरस्थ क्षेत्रों की यात्रा करनी पड़ती थी। पूरा दिन सफर में बीत जाता था और अतिरिक्त खर्च भी उठाना



पड़ता था। इंडियन ओवरसीज़ बैंक जगरगुंडा पहुंचे सिलगेर निवासी 26 वर्षीय दुला ने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि पहले खाता खोलने या पैसे निकालने में पूरा दिन लगता था, अब जगरगुंडा में सारी सुविधा मिल रही है। शासन की योजनाओं का लाभ लेना अब आसान हो गया है।

वहीं जगरगुंडा निवासी पांडू ने बताया मैं अपना खाता खोलने हेतु आवेदन पत्र लेकर आया हूँ। अब ग्राम में ही महतारी वंदन योजना, पेंशन योजना और पीएम आवास योजनाओं की राशि सीधे खाते में मिलेगी। घर के नजदीक में बैंक सुविधा मिल जाना हमारे लिए बहुत बड़ी सुविधा है। बैंक शाखा में एटीएम मशीन भी लग गई गई है, जल्द ही इसे प्रारंभ किया जाएगा। एटीएम खुल जाने से जिससे नकद निकासी और तेज तथा सुगम होगी। जिले के सुदूर वनांचल जगरगुंडा में बैंकिंग व्यवस्था आशा की नई किरण है। स्थानीय लोगों के उत्साह को देख बेहद खुशी हो रही है। अब आस-पास के गाँवों में खाते खुल रहे हैं, विकास की राह प्रशस्त हो रही है। आज महतारी वंदन योजना, मनरेगा, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, तेंदूपत्ता बोनस, पीएम आवास योजना और पीएम किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं की राशि सीधे उनके खातों में पहुंच रही है। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने कहा जगरगुंडा में बैंक शाखा का खुलना इस क्षेत्र के लिए मील का पत्थर साबित हो रहा है। यह स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति देगा और वित्तीय समावेशन और पारदर्शिता को भी बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही शासन की योजनाओं का लाभ अब सीधे और सही समय पर लोगों तक पहुंचेगा। ग्रामीणों का मानना है कि बैंकिंग सुविधाओं के विस्तार से व्यापार, स्वरोजगार और स्थानीय बाजार को नई ऊर्जा मिलेगी। यह कदम आर्थिक विकास और सामाजिक बदलाव की दिशा में भी एक मजबूत आधार तैयार करेगा।

# बस्तर ब्लाक की सड़कें 3-4 महीने में ही उखड़ने लगी

**ग्रामीणों में आक्रोश, गड़बड़ी का आरोप**






हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बस्तर ब्लाक के ग्रामीण क्षेत्र में सड़क निर्माण में गड़बड़ी का आरोप ग्रामीणों ने लगाया है।

3 से 4 माह में ही उखड़ने लगी है। जिससे ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के दिनों में सड़के नाले में तब्दील हो रहा है जगह जगह पर एक फिट गहरा एवं चौड़ा बड़ा गडढा हो गया है। जिससे ग्रामीणों एवं स्कूल के बच्चों को दिक्कतें हो रही है। घाटलोहंगा से कूड़कानार मुख्य मार्ग को जोड़ने वाली सड़क की हालात खस्ता है। इस सड़क से घाटलोहंगा, टिकरा लोहंगा, कवि आसना, कूड़ाकानार, घाटकोवाली, और जगदलपुर, धरमपुरा जैसे सात से आठ गांव प्रभावित हो रहे है। ग्रामीण थावीर यादव ने बताया यह प्रधानमंत्री सड़क मार्ग पिछले कई सालों से जर्जर हो गया है। तीन माह पूर्व में इस सड़क कि रिपेरिंग किया गया पर घटिया निर्माण एवं ठेकेदार के लापर वाही से तीन माह भी नहीं टिक पाया।

उखड़ने लगा है जिससे दुर्घटना कि संभावना बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि अभी तक अधिकारियों ने कोई ध्यान नहीं दिया है।

# जवानों को बांधी राखी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला इकाई द्वारा सीआरपीएफ 231वीं वाहिनी के जवानों के साथ रक्षाबंधन का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर बहनों ने देश की सुरक्षा में सदैव तत्पर वीर जवानों को राखी बांधकर उनका सम्मान किया और उनके दीर्घायु व सुरक्षित रहने की कामना की। जिला संयोजक मनीष देवांगन ने बताया कि रक्षाबंधन भाई-बहन के स्नेह, सुरक्षा और विश्वास का प्रतीक है। एबीवीपी की बहनों ने उन फौजी भाइयों को रक्षासूत्र बांधकर मिठाई खिलाई, जो अपने कर्तव्य के चलते त्यौहार पर भी घर नहीं जा पाते और मातृभूमि की रक्षा को ही अपना सर्वोच्च धर्म मानते हैं। जवानों ने कहा कि जैसे भगवान श्रीकृष्ण ने द्रौपदी की रक्षा का संकल्प लिया था, वैसे ही वे भी देशवासियों की सुरक्षा के लिए सदैव सीमाओं पर डटे रहेंगे। इस अवसर पर कमांडेंट सुनील भंवर, चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुब्रतो मंडल, द्वितीय कमान अधिकारी सौरव रॉय, उप कमांडेंट संजय पुनिया, चिकित्सा अधिकारी डॉ. रवि प्रकाश सुनकर, डॉ. चताला श्रीशा सहित अन्य कार्मिक उपस्थित रहे।

## 6 खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित...



सुकमा। लोक शिक्षण संचालनालय छत्तीसगढ़ रायपुर के आदेशानुसार शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के अंतर्गत विगत दिनों नारायणपुर जिले में संभागस्तरीय ताईकाण्डो प्रतियोगिता सम्पन्न हुआ। सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी कमल कोसरिया ने बताया कि संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में ताईकाण्डो खेल में सुकमा जिला के कुल 3 बालिका वर्ग के कु. शैली, कु. संचिता, कु. विद्या, 3 बालक वर्ग के सुजल, निखिल, जीतू का चयन राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने इस सफलता के लिए चयनित खिलाड़ियों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

# बीटीओए चुनाव में बचेली किरंदुल में प्रचार चरम पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

बैलाडीला ट्रक ऑनर्स एसोसिएशन बीटीओए में होने वाले वार्षिक चुनाव में उमेश सिंह और मनोज सिंह अपने दावे मजबूती से ट्रक मालिकों के बीच रख रहे हैं।

- निर्दलीय प्रत्याशी बिगाड़ सकते हैं समीकरण
- 13 को चुनावी प्रक्रिया से बनेगी नई समिति

बैलाडीला ट्रक ओनर एसोसिएशन बीटीओए का वार्षिक चुनाव 13 अगस्त को होगा। मतदान के दिन नजदीक पहुँचते ही उम्मीदवारों का प्रचार अभियान तेज हो गया है। प्रत्याशी घर-घर जाकर मतदाताओं से समर्थन मांग रहे हैं, क्योंकि अब केवल दो दिन शेष है। इस दौरान उम्मीदवार अपनी पूरी ताकत झोंक रहे है।

### चुनाव को लेकर ट्रक मालिकों में उत्साह

बचेली और किरंदुल में उमेश गौतम घर-घर जाकर मतदाताओं से अपने पक्ष में वोट करने की अपील कर रहे हैं। साथ ही मतदाताओं से बीटीओए बचेली में खराब सड़क को बनवाने की प्राथमिकता, यूनियन में ट्रकों को रोजाना अधिक से अधिक ढुलाई मिले और ट्रक मालिकों को भाड़ा की समस्या या सड़क पर किसी भी तरह की समस्या आये तो संघ पूरी मदद करेगा। गौतम का कहना है कि बहुत कुछ काम ट्रकों की ट्रांसपोटिंग और मालिकों को लेकर करने की जरूरत है। मौका मिला तो वर्षभर में सबकुछ सुधारने का प्रयास करेंगे। बता दे कि दो पैनलों के बीच मे एक निर्दलीय प्रत्याशी पंकज बनिक भी उपाध्यक्ष के लिये खड़े हो गये। जिससे इस पद के लिये त्रिकोणीय मुकाबला बन गया है। बाकि इस चुनाव को लेकर ट्रक मालिकों में उत्साह देखा जा रहा है।

# कलेक्टर ने विभागीय कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने सोमवार को खाद्य विभाग, नागरिक आपूर्ति निगम, जिला विपणन अधिकारी, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, सहकारिता विभाग एवं सहायक पंजीयक सहकारी संस्थाओं की संयुक्त बैठक ली। बैठक में विभिन्न योजनाओं और लंबित कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई।

खाद्य विभाग से संबंधित कार्यों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कमालूर, बासनपुर और धुरली क्षेत्रों में आधार अपडेट एवं ई-केवाईसी कार्य को अगस्त माह तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पात्र लाभार्थियों को समय पर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए यह कार्य प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। इसके साथ ही किसान क्रेडिट कार्ड केसीसी और पशुपालन से जुड़े लंबित प्रकरणों पर चर्चा करते हुए कलेक्टर ने एक सप्ताह के भीतर कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट किया कि निर्धारित समयसीमा में लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित की जाए।

कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों से कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में लंबित कार्यों की सूची तैयार कर समयबद्ध तरीके से पूर्ण करें, ताकि आमजन को योजनाओं का अधिकतम लाभ मिल सके। बैठक में खाद्य विभाग, नागरिक आपूर्ति निगम, जिला विपणन अधिकारी, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, सहकारिता विभाग एवं सहायक पंजीयक सहकारी संस्थाओं के अधिकारी उपस्थित थे।

## किसानों को होने वाली खाद बीज की समस्या को लेकर चर्चा

**बस्तर।** भारतीय किसान संघ छग प्रदेश जिला बस्तर में जिला कार्यकारिणी बैठक जगदलपुर में आहूत किया गया था, जिसमें किसानों को होने वाले खाद बीज पानी बिजली कटौती पर किसानों ने समस्याओं से अवगत कराया। अधिकारियों की उदासीनता से अवगत कराया। जिसमें सरकार की बदनामी हो रही है। संघठन में विस्तार पूर्वक जानकारी उपलब्ध कराई गई। कृषि क्षेत्र में किसानों को होने वाली परेशानी दूर होगी। इस दौरान जिलाध्यक्ष निलकुमार बघेल, उपाध्यक्ष बोंरगुराम बघेल , मंत्री सत्येन्द्र सिंह ठाकुर, कोषाध्यक्ष नन्द किशोर पाण्डेय,



महिला प्रमुख जयंती नेताम, जैविक प्रमुख नरेंद्र पांडे, विद्युत प्रमुख नरेंद्र सेठिया, बीज प्रमुख घांसीराम सहित अनेक भारतीय किसान संघ के कार्यकर्ता व कार्यकारिणी सदस्य और कोर कमेटी के सभी पदाधिकारि उपस्थित रहे।

## तिरंगा रैली निकाली गई...

सुकमा। हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग कार्यक्रम अंतर्गत जिला पंचायत सुकमा से तिरंगा रैली का आयोजन किया गया।



# पारंपरिक वेशभूषा पहनकर रैली में शामिल हुए आदिवासी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बकावंड

विश्व आदिवासी दिवस पर बस्तर,भानपुरी, बकावंड, जैबेल और जगदलपुर में पारंपरिक तरीके से रैलियां निकाली गई। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। हर जगह जनजातीय संस्कृति की छटा बिखरती रही।

आदिवासी समुदाय के लोगों ने पारंपरिक पोशाक पहनकर ढोल-नगाड़ों, आतिशबाजी और लोकगीत-नृत्यों के साथ भव्य रैलियां निकाली। बकावंड मुख्यालय के बाजार फसरा माटी देव घर परिसर में समाज के नाइक-पाइक का फूलमाला, टॉवेल और पगड़ी पहनाकर सम्मान किया गया। स्कूली बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और पारंपरिक लोक नृत्यों से उपस्थित जनसमूह को



मंत्रमुग्ध कर दिया। समाज प्रमुख ने बच्चों की प्रस्तुति से प्रभावित होकर 2 हजार रुपए का पुरस्कार भी दिया और बस्तर की संस्कृति व परंपराओं को संजोने की जिम्मेदारी सभी को याद दिलाई। जगदलपुर में भी चौक-चौराहों से लेकर विभिन्न स्थानों पर आयोजनों की रौनक रही। बिरसा मुंडा की प्रतिमा की पूजा-अर्चना की गई और आदिवासी रीति-रिवाजों के अनुसार श्रद्धांजलि दी गई।

युवा प्रकोष्ठ के सदस्यों ने ग्राम प्रमुखों को पगड़ी पहनाकर उनका अभिनंदन किया और वीर गुंडाधुर की प्रतिमा स्थापना की मांग को दोहराते हुए निर्धारित स्थल पर भूमिपूजन किया। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। पूरे आयोजन के दौरान प्रशासन ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था कर रखी थी। यह आयोजन बस्तर की आदिवासी परंपरा, संस्कृति और एकता का जीवंत उदाहरण बन गया, जिसे आने वाली पीढ़ियां याद रखेंगी।

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी करपावण्ड, जिला बस्तर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 500/ब-121/2024-25

**// उद्घोषणा //**

इस उद्घोषणा के जरिये आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुतम नेताम पिता सोनसाय नेताम जाति भतरा ग्राम संघकरमरी तहसील करपावण्ड जिला बस्तर द्वारा आवेदक स्वयं अथवा अपने दादी स्व. कोये नेताम निवासी ग्राम संघकरमरी तहसील करपावण्ड, जिला बस्तर (छ.ग.) का मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु आवेदन पेश किया गया है।

अतः आवेदक के दादी स्व. कोये नेताम W/O फकीरसाय नेताम ग्राम संघकरमरी का दिनांक 22/03/2008 को मृत्यु हुई है। आवेदक सुतम नेताम पिता सोनसाय नेताम जाति भतरा ग्राम संघकरमरी तहसील करपावण्ड जिला बस्तर आवेदक स्वयं अथवा आवेदक के दादी स्व. कोये नेताम मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने पर किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा पेश करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिकृत अधिवक्ता के मार्फत प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 31/07/2025 तक प्रस्तुत कर सकता है। नियत पेशी तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर किसी प्रकार की सुनवाई नही होगी।

आज दिनांक 17/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

**तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी करपावण्ड, जिला बस्तर**

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी करपावण्ड, जिला बस्तर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 501/ब-121/2024-25

**// उद्घोषणा //**

इस उद्घोषणा के जरिये आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुतम नेताम पिता स्व. सोनसाय जाति भतरा ग्राम संघकरमरी तहसील करपावण्ड जिला बस्तर द्वारा आवेदक स्वयं अथवा अपने चाचा स्व. सोनाधर नेताम निवासी ग्राम संघकरमरी तहसील करपावण्ड, जिला बस्तर (छ.ग.) का मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु आवेदन पेश किया गया है।

अतः आवेदक के चाचा स्व. सोनाधर नेताम S/O फकीरसाय नेताम ग्राम संघकरमरी का दिनांक 05/08/2008 को मृत्यु हुई है। आवेदक सुतम नेताम पिता सोनसाय जाति भतरा ग्राम संघकरमरी तहसील करपावण्ड जिला बस्तर आवेदक स्वयं अथवा आवेदक के चाचा स्व. सोनाधर मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने पर किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा पेश करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिकृत अधिवक्ता के मार्फत प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 31/07/2025 तक प्रस्तुत कर सकता है। नियत पेशी तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर किसी प्रकार की सुनवाई नही होगी।

आज दिनांक 17/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

**तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी करपावण्ड, जिला बस्तर**

# भानपुरी मंडल में आयोजित तिरंगा यात्रा में शामिल हुए वनमंत्री केदार कश्यप



## हर घर तिरंगा फहराने मंत्री ने क्षेत्रवासियों से किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सोमवार को नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र के भानपुरी मंडल अंतर्गत करंदोला शक्ति केंद्र में आयोजित तिरंगा यात्रा में सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ वनमंत्री केदार कश्यप सम्मिलित हुए। वनमंत्री ने इस दौरान लोगों से कहा कि 13 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान के तहत राष्ट्रीय स्वाभिमान के प्रतीक तिरंगे को अपने घरों, प्रतिष्ठानों और कार्यालयों पर फहराकर स्वतंत्रता का पर्व मनाएं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश में राष्ट्र भक्ति का वातावरण निर्मित किया है। मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि तिरंगा यात्रा का मुख्य उद्देश्य भी यही है। यह यात्रा हर व्यक्ति के मान सम्मान और देश के सम्मान से जोड़कर तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। भाजपा का दावा है कि तिरंगा यात्रा के जरिए लोगों में राष्ट्रप्रेम और एकता की भावना मजबूत होगी। जो हमें तिरंगा यात्रा के दौरान देखने को मिल रहा है। भानपुरी मंडल में आयोजित तिरंगा यात्रा भव्य रूप में निकाला गया। यह यात्रा भानपुरी मंडल में करंदोला शक्ति केंद्र के अस्पताल चौक से मुख्य मार्ग होते हुए वनवासी कल्याण आश्रम तक निकाला गया। इस यात्रा में भाजपा कार्यकर्ता सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक और क्षेत्रवासी शामिल हुए। तिरंगा यात्रा में पूर्व जिला अध्यक्ष रुपसिंह मंडावी, मंडल अध्यक्ष प्रवीण सांकला, जिला पंचायत सदस्य निर्देश दीवान, खितेश मौर्य प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सहित कार्यकर्ता व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### बड़ांजी व मटनार शक्ति केंद्र में निकाली तिरंगा यात्रा



**जगदलपुर।** लोहण्डीगुड़ा मंडल के बड़ांजी व मटनार शक्ति केंद्र में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकतार्ओं ने तिरंगा रैली निकालकर राष्ट्रध्वज के सम्मान और गौरव का संदेश दिया। तिरंगे को जनता अपने घरों, प्रतिष्ठानों और कार्यालयों पर फहराकर स्वतन्त्रता का पर्व मनाएंगे। इस अवसर पर अध्यक्ष मंगतू कश्यप ,महामंत्री सावेंद्र सेठिया, चंद्रशेखर ठाकुर,मिडिया प्रभारी भरत कश्यप,मटनार सरपंच डोमू कश्यप,डमरू भारद्वाज,धनसिह ठाकुर,बड़ांजी सरपंच महेंद्र सिंह भारद्वाज, मुन्ना कश्यप,जगदीश कश्यप,समलू कश्यप, बालसिंह, बसंत,मोटू, तुलाराम,कमलू,शंकर सहित अन्य ग्रामवासियों उपस्थित थे।

### सड़क दुर्घटना से गौ वंशों को बचाने बांधा रेडियम बेल्ट



**जगदलपुर।** रक्षा बंधन के पावन पर्व पर बजरंगदल द्वारा लगातार तीसरे वर्ष घायल और बीमार गौवंश की सेवा एवं संरक्षण का संकल्प लेते हुए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने गौवंश की रक्षा का आजीवन शपथ लेते हुए रक्षा सूत्र बांधा। इस अवसर पर गौवंश को भोज के रूप में हरी सब्जियां खिलाई गईं, पुष्प वर्षा की गई, गौ पूजन किया गया और राखी बांधी गई। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक रहा, बल्कि गौ संरक्षण और सेवा की भावना को भी सशक्त करने वाला रहा। बजरंगदल ने इस अवसर पर संकल्प लिया कि गौ सेवा और संरक्षण का यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। जिला संयोजक मुन्ना बजरंगी ने बताया कि बस्तर जिले में यदि किसी भी स्थान पर गौवंश की दुर्घटना में चोट लगती है, तो उसे इस गौशाला में लाकर उपचार एवं सेवा की जाती है। बजरंग दल द्वारा सड़क पर मौजूद सैकड़ों गौवंश को दुर्घटना से बचाने के लिए रेडियम बेल्ट बांधे गए हैं। संगठन का निवेदन है कि यदि सड़क पर खड़े या बैठे गौवंश दिखें, तो वाहन चालक गति धीमी रखें, जिससे उनकी सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। कार्यक्रम में प्रमुख रूप सांसद मीडिया प्रतिनिधि रोहन कुमार, नगर संयोजक भवानी चौहान, इंदर बघेल, देव यादव, पवन राजा, चकरी राव, सुदेश बघेल, किशन कुमार, शत्रुघ्न कश्यप, तमिश नायडू, अभिषेक साहू, मनीष भाटी, लक्ष्मीकांत पाणिग्राही, नरसिंहा सिन्हा, संपत रावत, विक्रांत नाग, मनीष सिसोदिया तथा गौशाला के समर्पित गौ सेवक से उपस्थित थे।

## एमओयू हस्ताक्षर के साथ बस्तर के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक और कदम

# स्थानीय संस्कृति और आधुनिक पैरामीटर से होगा बस्तर के जिलों का विकास : कुलपति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में सोमवार को बस्तर के बहुआयामी विकास विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला पी.एम. उषा एवं इंस्टिट्यूट इनोवेशन काउंसिल के तत्वावधान में आयोजित हुई।

- शोध और नवाचार से बदलेंगे बस्तर के विकास के आयाम

कार्यक्रम के मुख्य वक्ताओं में सतीष गोकुल पांडा,सचिव,सेंटर फॉर स्टडीज ऑन होलिस्टिक डेवलपमेंट रायपुर, मनोकामना मिश्रा, सह-सचिव,सीएसएचडी, युएसए कैलिफ़ोर्निया, एवं अशोक शर्मा,सह-सचिव, सीएसएचडी, रायपुर शामिल रहे। इस अवसर पर शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर और सेंटर फॉर स्टडीज ऑन होलिस्टिक डेवलपमेंट रायपुर के द्वारा सम्मिलिति रूप से शोध एवं विकास को लेकर कार्य करने के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। अपने सारगर्भित संबोधन में सतीष गोकुल पांडा ने बताया कि सीएसएचडी सर्वांगीण विकास के लिए सतत कार्यरत है और यंग माइंड फोरम के माध्यम से युवाओं में सकारात्मक सोच, नेतृत्व क्षमता और नवाचार को प्रोत्साहित करता है। उन्होंने कहा कि प्रकृति ने हमें जो संसाधन दिए हैं, उनके प्रति उत्तरदायी रहते हुए समाज के लिए कार्य करना ही असली प्रगति है। एमओयू का उद्देश्य स्थानीय संसाधनों का वैज्ञानिक उपयोग, सांस्कृतिक संरक्षण और आधुनिक शोध के माध्यम से बस्तर को नई पहचान दिलाना है।




कुलपति प्रो मनोज कुमार श्रीवास्तव ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि बस्तर की संस्कृति,परंपराएं और उत्सव, विशेषकर बस्तर दशहरा, इसकी बहुआयामी पहचान का आधार हैं। उन्होंने कहा कि बस्तर का विकास मॉडल देश के अन्य क्षेत्रों जैसा नहीं हो सकता, क्योंकि यहां के मापदंड, चुनौतियां और संभावनाएं अलग हैं। आधुनिक पैरामीटर और स्थानीय आवश्यकताओं के समन्वय से ही यहां का सतत विकास संभव है। कुलपति ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति का मूल उद्देश्य भी सर्वांगीण विकास है, जो इस दिशा में सहायक होगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन में कार्यक्रम संयोजक डॉ सजीवन कुमार,सहायक प्राध्यापक, वानिकी एवं वन्यजीव विभाग, डॉ दुर्गेश डिक्सेना,डॉ सियालाल नाग एवं पूर्णेंद्र मिर्धा का विशेष योगदान रहा। संचालन डॉ कुश कुमार नायक, सहायक प्राध्यापक, जैव प्रौद्योगिकी अध्ययनशाला ने किया।

### बस्तर की समस्याओं का समाधान यहीं के लोग ही निकाल सकते

मनोकामना मिश्रा ने कहा कि बस्तर की समस्याओं का समाधान यहीं के लोग ही निकाल सकते हैं। केवल पढ़ाई में अच्छे अंक लाना ही पर्याप्त नहीं, बल्कि संस्कृति के संरक्षण और विकास कार्यों में सक्रिय भागीदारी भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि बस्तर की लोककलाएं, हस्तशिल्प और प्राकृतिक धरोहर विश्व स्तर पर अपनी पहचान बना सकती हैं।

### कुछ नकारात्मक लोग हमेशा मिलते हैं

धन्यवाद ज्ञापन करते हुए डॉ एमएस मिश्रा,प्राध्यापक,अंग्रेजी अध्ययनशाला ने कहा कि समाज में कुछ नकारात्मक लोग हमेशा मिलते हैं जो विकास में बाधा डालते हैं,लेकिन हमें उनकी परवाह किए बिना सकारात्मक दृष्टिकोण और सामूहिक प्रयासों से आगे बढ़ना होगा। उन्होंने सभी को इस दिशा में सहयोग और सहभागिता के लिए प्रेरित किया।

### कार्यशाला महत्वपूर्ण साबित होगा

कार्यशाला में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के प्राध्यापक, छात्र-छात्राएं एवं आमंत्रित अतिथि अरविन्द कुमार, मार्गदर्शक सीएसएचडी नई दिल्ली, ऐश्वर्य पुरोहित, वेद राजपूत, शुभम उपाध्याय, अभय शर्मा उपस्थित रहे। यह कार्यशाला भविष्य में बस्तर की शिक्षा,शोध और सतत विकास के लिए महत्वपूर्ण सिद्ध होगी।

# निगम की अव्यवस्थाओं को लेकर आप ने सौंपा मांगपत्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

आम आदमी पार्टी नगर निगम की अव्यवस्थाओं के खिलाफ सोमवार को आयुक्त को मांगपत्र सौंपा। जिसमें उल्लेख किया गया है कि नगर निगम क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं मसलन सड़कें, जलभराव, सफाई व्यवस्था स्ट्रीट लाइट, पार्किंग की कमी और नालियों की दयनीय स्थिति को ध्यानाकर्षण कराते इनका त्वरित निराकरण करने की मांग की।

आप नेता समीर खान ने कहा कि डबल इंजन की सरकार होने के बावजूद भी नगर निगम क्षेत्र की स्थिति बेहद खराब है। कई स्थानों पर स्ट्रीट लाइट बंद पड़ी हैं, जिससे आम जनता को रात के समय आने-जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। बरसात के मौसम में जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण सड़कों पर जलभराव हो जाता है जिससे सड़कें टूट रही हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले कई वर्षों से भाजपा और कांग्रेस, दोनों दलों ने मिलकर नगर निगम में भ्रष्टाचार फैलाया है। ठेकेदारों को समय पर भुगतान नहीं किया जाता जिससे कार्य की गुणवत्ता प्रभावित होती है। शहर अध्यक्ष आरती पटनायक ने कहा कि कई वार्डों में महिलाओं को पानी की भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। पाइपलाइन बिछाने का कार्य अधूरा है और जहां काम चल भी रहा है, वहां भी लापरवाही बरती जा रही है। इस दौरान राकेश कश्यप, आवेश राजा, सिद्दीकी भाईजान, मोहन कश्यप समेत अन्य मौजूद थे।

# दरभा ब्लाक मुख्यालय में बिजली गुल, अंधेरे में काम कर रहे अधिकारी-कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बिजली की आंख मिचौली से सरकारी सेवक परेशान है। हमेशा दरभा ब्लाक मुख्यालय में बिजली गुल की समस्या रहने से सरकारी काम प्रभावित हो रहा है। यहां तक कि कहीं कहीं इन्वर्टर होने के बाद भी कम्प्यूटर से काम नही हो रहा है। गर्मी का सामना पंखे बंद होने से कर ही रहे है। सोमवार को खंड शिक्षा अधिकारी जगदीश पात्र समेत कार्यालय के अन्य कर्मचारी अंधेरे में बैठकर काम निपटा रहे थे। राष्ट्रीय पर्व के लिए 3 दिन बचे हैं इसलिए शासन प्रशासन के द्वारा दिए गए मुख्य कार्यो को पूरा करना जरूरी है। दफतर में अंधेरे में बैठकर कार्य किया जा रहा था। बताया गया कि अतिसंवेदनशील ब्लाक दरभा में बिजली विभाग ध्यान दे ताकि दिन में काम और रात में आराम लोगों को मिल सके।



# भूतेश्वर महाराज मंदिर में भजन संगीत के साथ हुआ महाभंडारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भूतेश्वर महादेव मंदिर में भजन संगीत के मध्य महाभण्डारा किया गया। भगवान के पूजा और आरती में विधायक किरण देव व महापौर संजय पांडे सम्मलित हुए। विधायक ने भूतेश्वर महादेव से प्रदेश और बस्तर में शांति,समृद्धि की कामना की। वही महापौर पांडे ने भजन संगीत में श्रद्धालुओं को भक्ति के रस में गोता लगाने को बाध्य कराने वाले संकट मोचन हनुमान समिति नया बस स्टैंड के राजकुमार शुक्ला एवं साथीगणों को,पालकी यात्रा में नंदी पर सवार शिव-पार्वती का रूप धारण कर झांकी में सजी दो सगी बहन सृष्टि व पुष्टि एवं भूतेश्वर महादेव के माहभर वीडियोग्राफी स्पर्धा के विजेताओं महादेव पटका एवं भगवान भूतेश्वर महादेव का शैल चित्र प्रदान कर उनका सम्मान किया।

- सैकड़ों श्रद्धालुओं ने अन्नभोग ग्रहण किया





नगर के सैकड़ों भक्तों ने पवित्र श्रावण मास के अंतिम दिवस पर भजन के साथ भोजन अन्न प्रसाद ग्रहण किया। प्रधान पुजारी पंडित चंदन तिवारी व आचार्य रोमित राजत्रिपाठी ने बताया कि उज्जैन महाकालेश्वर के तर्ज पर श्रावण मासभर प्रतिदिन भगवान भूतेश्वर महादेव का श्रृंगार किया गया।

उन्होंने बताया कि पूरे सनातन रीति रिवाज के साथ केले के पत्ते पर श्रद्धालुओं को अन्न प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान भजन कीर्तन मंडली द्वारा भक्ति गीतों का कार्यक्रम चलता रहा। इस दौरान विश्व हिंदू परिषद-बजरंग दल,सर्व हिन्दू समाज,सनातन मंच,एक घण्टा राष्ट्र के नाम मंच,पंतजलि योग समिति,समेत बड़ी संख्या में सनातनी हिन्दू प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान लक्ष्मीनारायण मंदिर के प्रधान पुजारी पण्डित किशोर तिवारी समेत एमआईसी सदस्यगणों ने सुरेश गुप्ता,निर्मल पाणिग्राही,संग्राम सिंह राणा,कलावती कसेर समेत राजपाल कसेर,सर्व हिन्दू समाज के जिलाध्यक्ष धरमपाल शर्मा,सचिव रंजीत पांडे, विहीप के जिलाध्यक्ष शंकर गुप्ता,प्रांत पदाधिकारी रवि ब्रम्हचारी,पवन राजपूत,घनश्याम नाग,सिंकदर कश्यप समेत अन्य का योगदान रहा।

# हैप्पी कामधेनु गौशाला को सौंपी गौ एंबुलेंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

गौवंश के सड़क दुर्घटनाओं में घायल होने की घटनाएँ लगातार बढ़ रही हैं। इन घायल गौमाताओं के रेस्क्यू और उपचार का कार्य बजरंग दल एवं हैप्पी कामधेनु गौशाला द्वारा किया जा रहा है। गौशाला में इनका इलाज और सुरक्षित आश्रय की व्यवस्था की जाती है। गौ सेवा के इस कार्य को और सशक्त बनाने के लिए, बस्तर जिला यादव समाज के उपाध्यक्ष एवं समाजसेवक रघुवंश यादव ने हैप्पी कामधेनु गौशाला को एक गौ एंबुलेंस (पिकअप वाहन) भेंट की। गौशाला प्रबंधन के अनुसार,लंबे समय से एंबुलेंस की आवश्यकता महसूस की जा रही थी, ताकि दुर्घटनाग्रस्त या बीमार गौवंश को त्वरित चिकित्सा सुविधाउपलब्ध कराई जा सके। बजरंगदल जिला संयोजक मुन्ना बजरंगी ने कहा इस पहल से बस्तर क्षेत्र में गौवंश की शीघ्र चिकित्सा, सुरक्षित परिवहन और देखभाल में उल्लेखनीय सुधार होगा,साथ ही गौ सेवा की परंपरा और भी मजबूत होगी।




# विधायक की पहल से भूमिगत विद्युत लाइन बिछेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



भारतीय जनता पार्टी जगदलपुर के पश्चिम मंडल अध्यक्ष प्रकाश झा ने विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा पर्व पर रथ परिक्रमा मार्ग में भूमिगत विद्युत लाईन बिछाने के लिए 7 करोड़ 16 लाख रुपए स्वीकृति कराने के लिए विधायक किरण देव का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि बस्तरवासियों की बहुप्रतीक्षित वर्षों पुरानी मांग मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव के अथक प्रयासों से आज पूरी हुई है। जिसे जनता को समर्पित किया जायेगा। उन्होंने कहा विधायक ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर भूमिगत विद्युत लाईन बिछाने की मांग की थी । जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों हर तरफ विकास कार्य हो रहे हैं। जिसमें बहुप्रतीक्षित सड़क, नाली, जलभराव से निजात दिलाने पुलिया निर्माण, ऐतिहासिक दलपत सागर का सौंदर्यीकरण, उपकेन्द्र निमार्ण, नालंदा लाईब्रेरी निर्माण, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं, पेयजल आपूर्ति, एवं अन्य क्षेत्रों में लगातार कार्य योजना के साथ कार्य किया जा रहा है। इसके लिए विधायक की सक्रियता अहम रही है।




# वर्तमान में कम्प्यूटर शिक्षा जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

ग्राम उलनार विकास खण्ड बकावण्ड में संचालित शाखा आईडीबीआई. बैंक द्वारा बैंक की सीएसआर योजना के तहत शासकीय हाई स्कूल उलनार के अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिये एवं कार्यालयीन कार्य के लिए संस्था को एक-एक कम्प्यूटर सेट एवं प्रिन्टर देकर सहयोग किया गया।

- आईडीबीआई बैंक ने हाई स्कूल उलनार को दिया कम्प्यूटर सेट

आईडीबीआई बैंक की यह उत्कृष्ट कार्य के लिये विद्यालय के संस्था प्रमुख डॉ. श्रध्दा कोरे पवार, प्रभारी प्राचार्य, शिक्षकगण, कर्मचारियों के द्वारा आईडीबीआई. बैंक के उलनार शाखा प्रबंधक एम. खुशबू, नगरनार बैंक के शाखा प्रबंधक योगेश कुमार गोवर्धन, जूनियर सहायक प्रबंधक सत्यजीत सामन्तरय, एवं कर्मचारी स्टॉफ देवीसिंह नायक, त्रिनाथ पटेल को पुष्पगुच्छ देकर भव्य स्वागत किया गया। साथ ही छात्र-छात्राओं द्वारा स्पेशल क्लैप के साथ उनका हार्दिक अभिनंदन किया गया।




नगरनार बैंक शाखा प्रबंधक ने छात्रों को बताया कि वर्तमान में कम्प्यूटर शिक्षा बहुत ही महत्वपूर्ण है। आज बैंक से लेकर शिक्षा, स्वास्थ्य, एवं छोटे से लेकर बड़े कार्यों के लिये कम्प्यूटर का उपयोग हो रहा। उलनार बैंक शाखा प्रबंधक ने भी छात्रों को कम्प्यूटर शिक्षा को महत्वपूर्ण बताते हुए संस्था को दिये गये कम्प्यूटर पर प्रतिदिन अभ्यास करने के लिये कहा गया। संस्था प्राचार्य ने भी शाला में कम्प्यूटर न होने एवं न होने कारण विद्यालयीन समस्त कार्यो में परिशानियों को जिक्र करते हुये इस सहयोग के लिये बैंक अधिकारी एवं कर्मचारियों को धन्यवाद दिया। और छात्रों को कम्प्यूटर सिखाने के लिये आश्वस्त किया।

बैंक की इस सहरानीय कार्य के लिये शाला परिवार की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। बैंक और शाला परिवार मिलकर एक पेड़ माँ के नाम के तहत पौधरोपण भी किया गया। इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत से ग्राम सरपंच मधुसुदन नेताम, तुलसीराम बघेल, देवधन कश्यप एवं शाला परिवार से रघुनाथ बघेल, व्याख्याता, शिक्षक रंजीत कुमार पानीग्राही, अमिता जोशी, खुलेश्वर साहू, कर्मचारियो में कुंवर सिंह देहारी, सहा. ग्रेड-02, भृत्य कमलकांत पाढ़ी, नंदकिशोर कश्यप, लोकेश सेठिया एवं तिरथनाथ पानीग्राही उपस्थित रहें।

